# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com



सम्पर्क

ई पेपर में खबरें व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-1 अंक-225 सागवाड़ा, शुक्रवार, 22 अप्रैल, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## खडगदा में भाजपा की बैठक आयोजित

**सागवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मण्डल सागवाड़ा के ईकाई खडगदा में बैठक आयोजित हुई जिसमें बुथ अध्यक्ष शक्तिकेन्द्र संयोजक व पन्ना प्रमुख की नियुक्ति की गई। बैठक प्रभारी व मण्डल महामंत्री वासुदेव पाटीदार के मुख्य आतिथ्य, जवाहर जोशी की अध्यक्षता एवं सरपंच गटीदेवी सरपोटा, धुलजी पाटीदार के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुई जिसमें बुथ संख्या 183, 184, 185,186 उक्त चारों बुथों पर बुथ अध्यक्षों व पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति की गई। बैठक का संचालन डां. विमलेश पण्ड्या ने किया व आभार मिडिया प्रभारी प्रकाश भट्ट ने व्यक्त किया। इस अवसर पर रतीलाल पंचाल, रजनीकांत दवे, आनंद भट्ट, पंचायत समिति सदस्य अनिता दीक्षित, जवाहर सरपोटा, निलम दवे, बुथ ईकाई अध्यक्ष रामचन्द्र पुरोहित, रजनीकांत दवे, बदामीलाल टेलर, नानुराम रोत, शक्तिकेन्द्र प्रभारी गणेशलाल भट्ट, संयोजक आनंदलाल भट्ट, सहसंयोजक अनुपम भट्ट, धुलजी पाटीदार, मुकेश पण्ड्या, लक्ष्मीलाल सुथार मौजूद रहे।

## ज्वाला माता मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव में उमडे श्रद्धालु

**सागवाड़ा।** गौरेश्वर महादेव स्थित भाटिया नाई समाज के ज्वाला माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में सुक्रवार को सैकडों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। धार्मिक अनुष्ठान में सभी यजमानों ने आचार्य रमेशजी भट्ट, सह आचार्य नवनीत भट्ट सहित कई पंडितों के सामूहिक मंत्रोच्चारों के साथ पूजा अर्चना की। अनुष्ठान के दूसरे दिन विधि विधान से अग्नि स्थापना, मूर्ति का जलाधिवास, धान्याधिवास, शयनाधिवास, दशविधि कर मंदिर वास्तु अनुष्ठान में यजमानो द्वारा आहुतियां दी गई। 16 चोखला अध्यक्ष जवाहर भीलूडा ने बताया कि इस दौरान सभी समाज जन व सम्पूर्ण चौखला के करीब एक हजार महिला पुरुषों ने 16 चौखला से आने वाले अतिथियों का आसाराम आश्रम के प्रवेश द्वार पर भव्य स्वागत कर पांडाल में लाया गया। आयोजन के तहत देर रात तक मंचीय कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर सुखलाल चितरी, प्रकाश कॉलोनी, अशोक भीलूडा, रमेश गलियाकोट, कन्हैयालाल सागवाडा, किशोर भीलूडा, अर्जुन सागवाडा, मोहन ओड, ईश्वर सिलोही, अनिल चितरी, डायालाल गोवाडी, कचरू लिमडी, जीवाजी रामसोर, गौतम घोटाद, कचराजी गामडा, भरत सागवाडा, राजू चितरी, कांति खेडासा, रघुनाथ साकोदरा सहित कई समाजजन मौजूद रहे।

# खनन माफिया- सुबह मौके से हटाया मशीन, दबाव बना तो शाम तक खोज कर लाया खनन विभाग

### झाखरी गांव के जेथोर फला में चारागाह पहाड़ी की खुदाई के लिये रखी थी मशनी



झाखरी के जेथोर फला में चारागाह भूमि पर बनी पहाड़ी की गई कटिंग।

**सागवाड़ा।** झाखरी कराड़ा क्षेत्र में धडल्ले से क्रार्ट्ज पत्थर का अवैध खनन हो रहा है। इधर, स्थानीय प्रशासन इस पूरे मामले में चुप्पी साधे हुए है। खनन विभाग के अधिकारियों को झाखरी में तीन जगहों पर अवैध खनन की सूचना दी गई थी जिसमें दो जगहों पर मशीनें भी थी लेकिन विभाग ने सिर्फ एक जगह पर ही कार्यवाही कर दूसरी एलएंटी मशीन जब्त नही किया। झाखरी पंचायत के जेथोर फला में खसरा नंबर 928 में 13 बीघा 2 बीस्वा भूमि पर बनी पहाड़ी खोद कर क्रार्ट्ज निकाले जा रहे है। गुरुवार को वहां हिटाची मशीन से खुदाई का काम किया गथा था। गुरुवार दोपहर को झाखरी में खनन विभाग की टीम भी पहुंची जिसने राजस्व गांव गड़ावासण में घुणी के पास मशीनें जब्त की लेकिन जेथोर फला में खड़े मशनी को जब्त नहीं किया। जबकि इसकी जानकारी स्थानीय पटवारी को थी। साथ ही खनन विभाग के एमई और फोरमेन को भी मशनी के बारे में बताया गया था। टीम के वहां नही पहुंचने पर मशनी को वहां से हटा लिया गया। शुक्रवार सुबह मशीन मौके पर नही था। इसकी जानकारी पुन: खनन विभाग को दी गई। पहले तो अधिकारियों ने स्टाफ की कमी का हवाला देते हुए हाथ खड़े कर दिये लेकिन शाम तक एलएंटी मशीन को खोज टर सरोदा चौकी में रखवाया गया। फोरमेन मीनाक्षी व्यास ने बताया कि मशीन जब्त कर 1 लाख 55 हजार 775 रुये जुर्माना लगाया है। साथ ही भंडारण किये क्रार्ट्ज पत्थर पर 3 लाख 80 हजार जुर्माना लगाया गया।

### इनका कहना है...

हमारे पास स्टाफ की कमी है। एक फोरमेन है जो महिला है जिसे मौके पर भेजा गया था। गुरुवार को पूरा दिन उसी कार्यवाही में निकल गया जिससे दूसरी जगह मशनी को जब्त नहीं किया जा सका। शुक्रवार को पूरे दिन वहीं थे। शाम को मशीन जब्त की गई है।

**दिलीप सुथार, एमई, खनन विभाग डूंगरपुर**

## चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के पंजीयन में डूंगरपुर प्रदेश में अव्वल

**डूंगरपुर।** राज्य सरकार की महत्वकांक्षी चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के पंजीयन में आदिवासी बहुल डूंगरपुर जिला प्रदेश भर में अव्वल चल रहा है। वही डूंगरपुर का पडौसी जिला बांसवाडा योजना में दुसरे स्थान पर है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सा संस्थानों में आने वाले मरीजो को चिरंजीवी योजना की जानकारी दी वही शिविरों एवं स्वास्थ्य मेलो में भी योजना का व्यापक प्रचार किया।

लोगो को बताया गया कि चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 10 लाख रुपये तक का इलाज सरकारी और चयनित निजी अस्पतालों में निशुल्क होता है। जिसकी बदौलत डूंगरपुर जिले में पंजीकृत 3 लाख 86 हजार 932 परिवारों में से 3 लाख 41 हजार 392 परिवारों ने स्वास्थ्य बीमा योजना में पंजीयन करा लिया। इसमें खाध्य सुरक्षा योजना के लाभार्थी भी शामिल है। डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि डूंगरपुर जिले में 88.23 प्रतिशत परिवार चिरंजीवी योजना में पंजीकृत हो चुके है जो प्रदेश में सबसे अधिक है। वही डूंगरपुर का पडौसी जिला बांसवाडा 88 प्रतिशत के साथ दुसरे तथा टोंक जिला 83. ।1 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। डॉ. शर्मा ने कहा है कि योजना में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के लिए विभाग प्रयास कर रहा है।

## गर्ल्स हॉस्टल से 11वीं क्लास की स्टूडेंट गायब, भाई बोला - कोई अपहरण कर ले गया

**डूंगरपुर।** शहर के एक सरकारी हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही 11वी क्लास की स्टूडेंट के गायब होने का मामले सामने आया है। भाई ने उसकी बहन के अपहरण का केस कोतवाली थाने में दर्ज करवाया है। फिलहाल पुलिस लड़की के फोटो से उसकी तलाश कर रही है।

कोतवाली थाने के हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह ने बताया की हजाराम पुत्र जीवा कटारा निवासी खेमारु फला मेणात ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया है उसकी बहन दीपिका कटारा डूंगरपुर शहर के किशनलाल गर्ग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 11वी क्लास में पढ़ाई करती है। वह शहर के ही वीर बाला काली गर्ल्स हॉस्टल में रहती है। उसकी बहन 8 दिनों से हॉस्टल में नहीं है और वहा से गायब है। उसकी बहन के बारे में आसपास पड़ोस, रिश्तेदारों और सहेलियों से पता किया, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। भाई ने यह भी बताया की 14 अप्रैल को उसके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से फोन आया और उसकी बहन दीपिका ने बात की। उसने खुद के अहमदाबाद मे होना बताया। वही बहन ने उसे 5 बजे बाद वापस फोन नही करने के लिए कहा। इसके बाद से उसकी फिर से बहन से बात नहीं हुई है। भाई हाजाराम ने कहा की उसकी बहन को कोई व्यक्ति अपहरण कर भगा ले गया है। पुलिस ने मामले में अपहरण का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। मामले में हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह ने बताया की हजाराम की रिपोर्ट के आधार पर उसकी बहन की तलाश की जा रही हैं। भाई ने गुजरात में होने की संभावना जताई है, जिस पर वहा की पुलिस की मदद से भी तलाश की जा रही है।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर वन विभाग ने किया पौधरोपण





**डूंगरपुर।** वन विभाग डूंगरपुर की ओर से आज शुक्रवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने पौधरोपण करते हुए लोगो को पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य वन विभाग की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला वन अधिकारी सुपोंग शशि, सहायक वन अधिकारी उमेश बंसल, वन रक्षक सुनीता लबाना समेत कई वन अधिकारियों ने पौधरोपण किया। वन अधिकारी कार्यालय परिसर में 100 से ज्यादा पौधे लगाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

डीएफओ सुपोंग शशि ने पृथ्वी के गड़बड़ाते संतुलन को लेकर लोगो को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करते किया। उन्होंने कहा की शुद्ध वायु के लिए पेड़ पौधे जरूरी है।

## सर्प दंश से छात्र की मौत

**डूंगरपुर।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के देवल गांव में एक कॉलेज छात्रा को सांप ने डस लिया। छात्रा को परिजन जिला अस्पताल लेकर आये जंहा 2 घंटे बाद इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई।

सदर थानाधिकारी हजारीलाल ने बताया कि देवल निवासी 1। वर्षीय संजना पुत्री जयंतीलाल भगोरा फर्स्ट इयर की छात्रा होकर गुरुकुल कॉलेज में पढ़ती थी। आज सुबह संजना अपने खेतो से घास लेकर आई और घर के पास स्थित पशुघर में पशुओ को चारा डाला। इसके बाद संजना पशुघर से घर लौट रही थी तभी रस्ते में सांप ने उसे डस लिया।

## 3 साल से फरार एवं चौरासी थाने का टॉप टेन आरोपी गिरफ्तार

**सीमलवाड़ा।** चौरासी पुलिस ने थाने का टॉप 10 वह 3 साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी भैमजी गरासिया ने बताया कि एसपी सुधीर जोशी, एडिशनल एसपी अनिल कुमार मीणा व उप अधीक्षक रामेश्वर लाल चौहान के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड़ को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत चौरासी पुलिस ने भिंडा फला माता बुचिया निवासी दिनेश पुत्र शंकरलाल रोत को गिरफ्तार किया है । जो कि सीमलवाड़ा सिविल कोर्ट में प्रकरण में 13 अगस्त 2019 से फरार चल रहा था।

आरोपी को गिरफ्तार करने को लेकर पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी लेकिन गिरफ्तारी से बचने को लेकर आरोपी इधर-उधर छुप रहा था । मुखबिर की सूचना पर आरोपी को उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार किया है।

# कलेक्टर ने अतिक्रमण की प्रभावी मॉनिटरिंग के दिये निर्देश

**डूंगरपुर।** राजस्व अधिकारियों की बैठक जिला कलेक्टर शुभम् चौधरी की अध्यक्षता एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर कृष्णपाल सिंह चौहान की मौजूदगी में शुक्रवार को ईडीपी सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में जिला कलक्टर शुभम् चौधरी ने समस्त उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदारों से ब्लॉक प्रगति रिपोर्ट वार जानकारी ली। उन्होंने समस्त ब्लॉक में खातेदारी भूमि की जानकारी ली एवं जो खातेदारी की रिपोर्ट लंबित है, उसको भिजवाने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त उपखण्ड अधिकारियों की ब्लॉक वार प्रगति रिपोर्ट किस समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर चौधरी ने संबंधित उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्देश देते हुए कहा कि जो भी अतिक्रमण भूमि के प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए लंबित रिपोर्ट को तत्काल भिजवाएं।

बैठक में जिला कलक्टर चौधरी ने समस्त उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदारो को निर्देशित किया है कि डेटा भेजने से पहले उसको चैक किया जाये। साथ ही दूसरी मीटिंग में आने से पहले अद्यतन सूचना एवं डेटा साथ में पूरा लेकर आये अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने संबंधित उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में जहां पर भी कोई दुर्घटना या किसी प्रकार की घटना हो उसकी भी रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश प्रदान किये है।

बैठक में जिला कलक्टर चौधरी ने संबंधित अधिकारीयों से पट्टो की जानकारी ली। उन्होंने जिन लोगों के पट्टे अभी तक भी बाकी है, उसकी प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सर्वे, पट्टे या किसी प्रकार की कोई भी रिपोर्ट पेन्डिंग हो उसको तत्काल भिजवाने के निर्देश दिये है। उन्होंने जिन भी कार्यो की रिपोर्ट पेन्डिंग है, उसकी 2। अप्रैल तक अंतिम रिपोर्ट तत्काल रूप से भिजवाने के निर्देश प्रदान किये है।

बैठक के प्रारम्भ में अतिरिक्त जिला कलक्टर कृष्णपाल सिंह चौहान ने संबंधित उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदारों को बजट से शेष आवंटन की रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने बजट घोषणा 2022-23 में महाविद्यालय खोलने की घोषणा के संबंध में भी दिशा निर्देश प्रदान किए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर चौहान ने संबंधित तहसीलदार एवं उपखण्ड अधिकारियों को पटवारी वह गिरदावरो के साथ बैठक लेकर सभी प्रकार की प्रगति रिपोर्ट एवं सूचनाएं अद्यतन करने के निर्देश दिये है। साथ ही जो कार्य में कोताही बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।उन्होंने सीआरपीसी प्रकरणों की जो रिपोर्ट पेन्डिंग है, उसको भिजवाने के निर्देश प्रदान किये है।

बैठक में उपखण्ड अधिकारी डूंगरपुर मणीलाल तीरगर, राजीव द्विवेदी सागवाड़ा, अश्विन के पंवार बिछीवाड़, प्रवीण कुमार मीणा आसपुर व समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार दिशा गांधी साबला, तहसीलदार बिछीवाड़ा, तहसीलदार दोवड़ा, तहसीलदार झौथरीपाल, तहसीलदार गामड़ी अहाड़ा एवं समस्त तहसीलदार मौजूद रहें।

## सीएम को विकास कार्यो के लिए अधिकारियों ने दिये 38.77 करोड़ के चैक

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार के विभिन्न उपक्रमों के लाभांश से जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। गहलोत शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर विभिन्न उपक्रमों द्वारा राज्य सरकार को लाभांश भेंट करने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के कुशल प्रबंधन के कारण विभिन्न उपक्रम लाभ अर्जित कर रहे है। इन उपक्रमों द्वारा दिये जा रहे लाभांश से कई जन कल्याणकारी योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री को इस अवसर पर रीको द्वारा 21.02 करोड़, राजस्थान स्टेट वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन द्वारा 1.92 करोड़, राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल द्वारा 38.77 करोड़, राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम द्वारा 1.29 करोड़ तथा राजस्थान रियल स्टेट रेग्यूलेटरी अथोरिटी (RERA) द्वारा 8.72 करोड़ रूपये के लाभांश चैक प्रस्तुत किये गए हैं। इस अवसर पर स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल, कृषि मंत्री लाल चन्द कटारिया, खान एवं पैट्रोलियम मंत्री प्रमोद जैन 'भाया', उद्योग मंत्री शकुन्तला रावत, मुख्य सचिव उषा शर्मा, प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए सावंत, रीको अध्यक्ष कुलदीप रांका, राजस्थान स्टेट वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष दिनेश कुमार, राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के अध्यक्ष टी. रविकान्त, राजस्थान रियल स्टेट रेग्यूलेटरी अथोरिटी (RERA) के अध्यक्ष एन.सी. गोयल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर संस्कार भारती ने सजाई रंगोली




**सागवाड़ा।** संस्कार भारती सागवाडा इकाई ने विश्व भू-अलंकरण दिवस पर पुनर्वास कोलोनी स्थित गणपति मंदिर के समीप महादेव मंदिर के सामने रंगोली सजाई।

संस्कार भारती द्वारा कला साधको के अस्तित्व की रक्षा को आज की प्रमुख आवश्यकता बताते हुए नवोदित कला साधको को उचित अवसर एवं साधन प्रदान किये जाने की भी आवश्यकता बताई। संस्कार भारती राष्ट्रीय द्वारा राज्य सरकार और राष्ट्रीय से भी भारतीय कला साधको को उचित अवसर की व्यवस्था की और ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया। तृप्ति अनुराग पाठक, तृप्ति समीर भावसार, बाल कलाकार उत्प्रेक्षा पाठक, प्रगति पंचाल और जयश्री राव के संयोग से रंगोली सृजित की गयी। इस अवसर पर ध्यानीलाल कंसारा बंशी लाल पंचाल, आश्विन सोनी, प्रदीप कंसारा, दीपक भावसार, हितेश भावसार एवं संस्कार भारती के अध्यक्ष मुकेश भावसार उपस्थित रहे।

## नाबालिग को 14 दिनों तक बंधक बनाकर रेप के दोषी को 10 साल की कड़ी कैद, 60 हजार जुर्माना

**डूंगरपुर।** एक नाबालिग को पत्नी बनाने की नियत से 14 दिनों तक बंधक बनाकर रखने और रेप के दोषी को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट के आदेश के बाद दोषी को जेल भेज दिया है।

जिला स्पेशल पॉक्सो कोर्ट के जज ने मामले में आज शुक्रवार को सुनवाई पूरी करते हुए फैसला सुनाया है। विशिष्ट लोक अभियोजक योगेश जोशी ने बताया की नाबालिग पीड़िता के पिता ने केस दर्ज करवाया था। इसमें बताया था की 15 जून 2820 को उसकी नाबालिग बेटी और 2 बेटे अपनी मामी के साथ डूंगरपुर एक प्राइवेट हॉस्पिटल गए थे। मामी उसी हॉस्पिटल में नौकरी करती थी। दोनों बेटे शाम को वापस घर आ गए, लेकिन नाबालिग बेटी घर नहीं आई। उसकी बेटी को राहुल पुत्र धुलाजी हरिजन निवासी दामडी पुलिस थाना दोवड़ा की पत्नी बनाने की नियत से कमरे में बंद कर दिया। आरोपी राहुल ने उसे साथ दुष्कर्म किया। 14 दिनों तक उसे कमरे में बंद रखा और दुष्कर्म करता रहा। पिता ने बताया की घटना का पता लगाने पर 28 जून 2020 को वे बेटी को ढूंढते हुए डूंगरपुर आए। श्वद्म कमरे से बेटी को छुड़वाकर घर ले गए। घटना को लेकर उसकी बेटी ने आपबीती सुनाई।

विशिष्ट लोक अभियोजक योगेश जोशी ने बताया की मामले में सुनवाई पूरी होने पर कोर्ट ने आज फैसला सुनाया है। इसमें आरोपी राहुल हरिजन को विभिन्न धाराओं में दोषी मानते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वही 60 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

# लट्ठ, पत्थरों से घर पर हमला, घायल बुजुर्ग की मौत

### बेटे की हत्या के शक में हमला, 8 आरोपी नामजद, शादी में दिया सामान समेत घर में तोड़फोड़

**सागवाड़ा।** सागवाड़ा थाना क्षेत्र के घोटाद गांव में बारात लोटने के बाद दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष ने दुल्हन पर उसके बेटे ही हत्या के शव में उसके घर पर लट्ठ, पत्थरों से हमला कर दिया।

हमले में घायल दुल्हन के बड़े पापा की इलाज के दौरान उदयपुर अस्पताल में मौत हो गई। मामले में 8 हमलावरों के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़ और हत्या का केस दर्ज करवाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सागवाड़ा थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि शारदा पत्नी रवीया खांट निवासी हडमतिया फला घोटाद ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया है उसके देवर स्व. मोहन की बेटी रमीला की कल 21 अप्रैल गुरुवार को शादी थी। शादी के बाद बारात घर से चली गई। बारात के जाते ही गांव के शंकर पुत्र बदिया मुनिया समेत उसके परिवार के कई लोग हो हल्ला करते हुए उनके घर आए। लट्ठ, पत्थर लेकर आए लोगो ने शंकर के बेटे सुनील की डेढ़ साल पहले हत्या करने का शक जताते हुए हमला कर दिया। हमलावरों ने उनके घरों पर पत्थर बरसाए। घर में रखा समान तोड़फोड़ दिया। दुल्हन रमिला को शादी में दिया सामान भी तोड़फोड़ दिया। हमलावरों ने उनके घर शादी में आए मेहमान समेत रविया खांट के साथ लट्ठ, पत्थरों से मारपीट की। मारपीट में रविया के सिर पर गंभीर चोंट आई और लहूलुहान हो गया। वही पंकज, हाजीया, गजु को भी चोटें आई। गंभीर घायल रविया खांट को सागवाड़ा से डूंगरपुर और फिर उदयपुर हॉस्पिटल लेकर गए। उदयपुर में इलाज के दौरान आज शुक्रवार को मौत हो गई। मौत के बाद परिवार में मातम पसर गया। मृतक रवीया की पत्नी शारदा ने गांव के ही शंकर पुत्र बदिया मुनिया, होमजी पुत्र भीखा खाट, शिवा पुत्र मोगा खाट, धनेशवर पुत्र मोगा खाट, चम्पा पुत्र धनेश्वर खाट, ईश्वर पुत्र खातरा डिन्डोर, विनोद पुत्र शंकर मुनीया, राहुल पुत्र होमजी खाट, गीता पत्नी शंकर मुनीया, चम्पा पत्नी धनेश्वर खाट व अन्य लोगो के खिलाफ लट्ठ, पत्थरों से हमला करने, तोड़फोड़ और रविया की हत्या का केस दर्ज करवाया है। थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया की मामले में केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।